


# Hindi

YouTube चैनल
Tez Education

## मुहावरे Part-6

प्र. 'गंभीर संकट में पड़ना' मुहावरे का सही अर्थ है ?

(a) जान के लाले पड़ना

(b) जूतियां में डाल बांटना

(c) झोली भरना

(d) ठन ठन गोपाल

उत्तर- (a)

| |
|---|
| जूतियों में दाल बांटना- लड़ाई झगड़ा करना |
| झोली भरना- अपेक्षा से अधिक देना |
| ठन ठन गोपाल- निर्धन व्यक्ति |

प्र. निम्न वाक्य के रिक्त स्थान को सही मुहावरे से भरे- मंत्री बनने के बाद मोहन का दिमाग---- गया है ? (Sub Inspector- 2016)

(a) आसमान से उतर (b) आसमान पर चढ़

(c) आसमान से गिर (d) आकाश में सवार

| |
|---|
| उत्तर- (b) |
| चोली दामन का साथ- घनिष्ठ संबंध |
| जंगल में मंगल होना- उजाड़ में चहल-पहल होना |
| जलती आग में कूदना- विपत्ति में पड़ना |

प्र. 'सदा के लिए त्याग देना' के लिए सही मुहावरा है ?

(a) दूज का चांद होना (b) तुर्की बोलना

(c) तिलांजलि देना (d) थाली का बैंगन

| |
|---|
| उत्तर- (c) |
| तुर्की बोलना- जैसे को तैसा |
| थाली का बैंगन- सिद्धांत रहित व्यक्ति |
| दूज का चांद होना- मुश्किल से दिखाई देना |

प्र. 'छठी का दूध याद आना' मुहावरे का सही अर्थ है?

(a) अपमान सहन करना (b) बहुत बड़ा अंतर

(c) बहुत परेशान होना (d) अनायास लाभ होना

| |
|---|
| उत्तर- (c) |
| छप्पर फाड़ कर देना- अनायास लाभ होना |
| जमीन आसमान का फर्क- बहुत बड़ा अंतर |
| जहर का घूंट पीना- अपमान सहन करना |

प्र. 'अंधे के हाथ बटेर लगना' मुहावरे का सही अर्थ है ? (Sub Inspector- 2016)

(a) बटेर पक्षी को पकड़ना

(b) बटेर पक्षी को आजाद करना

(c) अंधे को कुछ भी प्राप्त न होना

(d) अयोग्य व्यक्ति को अनायास अच्छी वस्तु प्राप्त हो जाना

| |
|---|
| उत्तर- (d) |
| अंधेरे घर का उजाला- होनहार पुत्र जिस पर आशाएं टिकी हों |
| अंधे के आगे रोना- निर्दयी के सामने व्यर्थ दुख प्रकट करना |
| आंतड़ियां कुलबुलाना- बहुत भूख लगना |

प्र. 'टेढ़ी उंगली से घी निकालना' मुहावरे का अर्थ है ?

(a) छिपकर षड्यंत्र रचना (b) शक्ति से कार्य सिद्ध करना

(c) कठिन परिश्रम (d) सब उपाय कर डालना

| |
|---|
| उत्तर- (b) |
| जमीन आसमान एक करना- सब उपाय कर डालना |

प्र. 'अंडे का शहजादा' मुहावरे का अर्थ है? (Sub Engineer-- 2020)

(a) अनुभवहीन व्यक्ति (b) चालाक व्यक्ति

(c) कमजोर व्यक्ति (d) अनुभवी व्यक्ति

| |
|---|
| उत्तर- (a) |
| चूना लगाना- धोखा देना |
| चौदहवीं का चांद- बहुत सुंदर |
| चैन की बंशी बजाना- सुख से रहना |

प्र. 'छोटे मुंह बड़ी बात करना' मुहावरे का अर्थ है ?

(a) बेशर्म (b) बहुत परेशान करना

(c) निश्चिंत होना (d) अपनी हैसियत से ज्यादा बात करना

| |
|---|
| उत्तर- (d) |
| छाती पर मूंग दलना- बहुत परेशान करना |
| चिकना घड़ा होना- बेशर्म |
| चादर तानकर सोना- निश्चिंत होना |

प्र. 'माथा ठोक लेना' मुहावरे का सही अर्थ है? (Sub Inspector-2016)

(a) पीड़ा होने पर सिर पकड़कर बैठना

(b) दुर्घटना की आशंका होना

(c) दीनतापूर्वक कार्य करना

(d) बदकिस्मती के कारण दुखी होना

| |
|---|
| उत्तर- (d) |
| कच्ची गोली खेलना- अनुभव न होना |
| ऐड़ी चोटी का जोर लगाना- पूरी शक्ति लगाकर कार्य करना |
| खाक छानना- बेकार फिरना |

Education

प्र. 'घर फूंककर तमाशा देखना' मुहावरे का सही अर्थ है ?

सब्सक्राइब करें

(a) अपनी हानि करके मौज उड़ाना (b) बिल्कुल बुद्ध

(c) साहसी होना (d) दिखावटी धमकी

| |
|---|
| उत्तर- (a) |
| गोबर गणेश- बिल्कुल बुद्ध |
| गीदड़ भभकी- दिखावटी धमकी |

गज भर की छाती होना- साहसी होना

प्र. पुत्री का विवाह करके अजय के माता-पिता आज गंगा नहा लिए रेखांकित मुहावरे का अर्थ है ? (Sub Inspector- 2016)

(a) कार्य से निवृत होना

(b) पवित्र हो जाना

(c) तीर्थ के लिए जाना

(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर- (a)

गर्दन उठाना- विरोध करना

खून सफेद हो जाना- दया न रह जाना

गड़े मुर्दे उखाड़ना- पिछली बुरी बातें याद करना

प्र. 'घास खोदना' मुहावरे का अर्थ है?

(a) व्यर्थ समय गंवाना

(b) अस्थिर चित्त वाला व्यक्ति

(c) बहुत लज्जित होना

(d) हर जगह ढूंढ लेना

उत्तर- (a)

घड़ों पानी पड़ना- बहुत लज्जित होना

| |
|---|
| घड़ी में तोला घड़ी में मशा- अस्थिर चित्त वाला व्यक्ति |
| चलती चक्की में रोड़ा अटकाना- हर जगह ढूंढ लेना |

प्र. 'मौके की तलाश में रहना' के लिए सही मुहावरा है?

(a) टस से मस न होना (b) टोह में रहना

(c) प्राण पखेरू उड़ जाना (d) पानी उतारना

| |
|---|
| उत्तर- (b) |
| पानी उतर जाना- शर्म न रहना |
| प्राण पखेरू उड़ जाना- मर जाना |
| टस से मस न होना- अड़े रहना |

प्र. 'पापड़ बेलना' मुहावरे का अर्थ होगा? (Sub Engineer- 2016)

(a) पापड़ बनाना (b) मुसीबत उठाना

(c) खाना बनाना (d) पतली रोटी बेलना

| |
|---|
| उत्तर- (b) |
| टांग अड़ाना- बाधा डालना |

| |
|---|
| टेढ़ी खीर होना- कठिन कार्य |
| चांद पर थूकना- निर्दोष पर कलंक लगाना |

प्र. 'झूठी प्रशंसा करना' अर्थ किस मुहावरे का है ?

(a) दुम दबाकर भाग जाना (b) दांत तोड़ना

(c) तारीफ के पुल बांधना (d) दिल बैठ जाना

| |
|---|
| उत्तर- (c) |
| दांत तोड़ना- परास्त करना |
| दिल बैठ जाना- अत्यधिक घबरा जाना |
| दुम दबाकर भाग जाना- डर कर भाग जाना |

प्र. 'छठी का दूध याद आना' मुहावरे का सही अर्थ है? (Pre B.Ed. Entrance- 2016)

(a) दूध पीने का मन करना (b) कठिन समय याद करना

(c) भयंकर विपत्ति में पड़ना (d) मां की याद आना

| |
|---|
| उत्तर- (c) |

| |
|---|
| दमड़ी के तीन होना- सस्ते होना |
| दर किनार कर देना- अलग- थलक कर देना |
| तख्त पलटना- अपदस्थ करना |

प्र. 'अंधे के आगे रोए अपने नयन खोए' मुहावरे का सही अर्थ है?

(a) गलत दिशा में जाने की संभावना बढ़ना

(b) अत्याचारी को अपना दुख बताना

(c) किसी का अतिविश्वास करना

(d) असमर्थों में थोड़ा समर्थ भी श्रेष्ठ

| |
|---|
| उत्तर- (b) |
| अंधे में काना राजा- असमर्थों में थोड़ा समर्थ भी श्रेष्ठ |
| अंधे को अंधे द्वारा ही राह दिखाना- गलत दिशा में जाने की संभावना |
| अंधे बनकर चलना- किसी का अतिविश्वास करना |

प्र. 'अंकुर जमना' मुहावरे का अर्थ है?

(a) कठिन दुख सहना (b) मन में नया विचार उत्पन्न होना

(c) व्यर्थ की बातें करना (d) चिढ़ना

| |
|---|
| उत्तर- (b) |
| अंगार सिर पर धरना- कठिन दुख सहना |
| अंट शंट बकना- व्यर्थ की बातें करना |
| अंगूठा नचाना- चिढ़ाना |

प्र. 'अवसरवादी व्यक्ति हमेशा अपना उल्लू सीधा करने का प्रयास करता है' रेखांकित मुहावरे का अर्थ है ? (Jail Vibhag- 2016)

(a) लोक व्यवहार के विरूद्ध (b) स्वार्थ पूर्ति करना

(c) विश्वासघात (d) बात बदलने का

| |
|---|
| उत्तर- (b) |
| अंग से अंग चुराना- शरमाकर सिकुड़ना |
| आंचल पसारना- गिड़गिड़ाकर याचना करना |
| अहंकार का पुतला- बहुत घमंडी |

YouTube Tez Education

प्र. 'कान में तेल डालना' मुहावरे का अर्थ निम्न में से कौन सा है? (Patwari- 2017)

(a) कान में तेल डाल कर बैठना (b) होशियार होना

(c) ध्यान न देना (d) ध्यान देना

| |
|---|
| उत्तर- (c) |
| घर बसाना- विवाह करना |
| मुंह की खाना- बुरी तरह से होना |
| कोसों दूर भागना- बहुत अलग रहना |

प्र. 'एक लाठी से हांकना' मुहावरे का अर्थ है? (Sub Inspector- 2016)

(a) अच्छे- बुरे का अंतर न करना

(b) समान दृष्टि करना

(c) कुछ भी न कर पाना

(d) गलत काम करना

Education सब्सक्राइब करें

| |
|---|
| उत्तर- (a) |
| अपनी करनी पार उतरनी- स्वयं करने पर ही सफलता मिलती है |
| अक्ल पर परदा पड़ना- बुद्धि नष्ट हो जाना |
| अच्छे- अच्छों से पाला पड़ना- ऊंचे लोगों से संघर्ष होना |

YouTube
Tez
Education
सब्सक्राइब करें